श्री. बी.एस. शिंदे
यातायात प्रबंधक

श्री. बी.एस. शिंदे दि.06.06.2015 को रेलवे प्रबंधक के रूप में मुंबई पोर्ट ट्रस्ट में शामिल हुए. रेलवे प्रभाग, यातायात विभाग का कार्यभार संभालने के बाद, उन्होंने हल्दिया डॉक कॉम्प्लेक्स, कोलकाता पोर्ट ट्रस्ट में पीएसयू ऑयल कंपनी रिफाइनरियों के जोखिमी पेट्रोलियम उत्पाद सहित जिनमें नेपाल और बांग्लादेश को निर्यात शामिल है, विभिन्न कार्गो को संभालने के अपने 25 वर्षों के समृद्ध अनुभव के साथ लगभग 3-4 महीनों के भीतर रेलवे परिचालन को प्रभावी ढंग से सुव्यवस्थित किया है. उनके पास हल्दिया में 22 एमएमटी के रेल परिवहन कार्गो संभलाई का रिकॉर्ड है.

उनके पास पोर्ट रेलवे उपयोगकर्ताओं, ट्रेड यूनियनों और सीमा प्रबंधन के साथ औद्योगिक संबंधों का व्यवहार-कुशल संचालन कौशल है. वह मार्केटिंग और प्रोडक्शन में विशेषज्ञता के साथ व्यवसाय प्रबंधन में स्नातकोत्तर के साथ रसायन-शास्त्र में बी.एससी. (ऑनर्स) हैं.

उन्होंने 01.01.1991 को प्रबंधन प्रशिक्षु, श्यामाप्रसाद मुखर्जी पोर्ट अथॉरिटी (तत्कालीन कोलकाता पोर्ट ट्रस्ट) के रूप में पोर्ट क्षेत्र में प्रवेश किया. आईआईपीएम, कोलकाता में सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूरा करने के बाद, वह हल्दिया डॉक कॉम्प्लेक्स (एचडीसी), कोलकाता पोर्ट ट्रस्ट (केओपीटी) के तहत जनवरी 1992 से यातायात अधिकारी के रूप में शामिल हुए. उन्होंने जून 2015 तक विभिन्न क्षमताओं में काम किया.

उन्हें पोर्ट रेलवे संचालनों, वाणिज्यिक, स्थापना, बल्क कार्गो, कंटेनरों आदि की संभलाई का व्यापक अनुभव है. जनवरी 1991 में एचडीसी/केओपीटी में शामिल होने के बाद, उन्होंने भारतीय रेल परिवहन संस्थान, नई दिल्ली द्वारा आयोजित मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट (कंटेनरेशन) और लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट पर एक वर्षीय डिप्लोमा कोर्स पास करके अतिरिक्त अहर्ता भी हासिल की है. उन्होंने सामरिक पोर्ट प्रबंधन पर आईआईएम, अहमदाबाद और वैश्विक व्यापार परिदृश्य पर आईपीए, नई दिल्ली के सहयोग से भारतीय विदेश व्यापार संस्थान द्वारा आयोजित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भी भाग लिया है.श्री शिंदे ने 16.01.2023 को यातायात प्रबंधक (प्रभारी) का अतिरिक्त प्रभार ग्रहण किया था और बाद में 06.02.2023 को यातायात प्रबंधक का पदभार ग्रहण किया है.